नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 136/2021
Dt-26-03-2021

प्राप्त
26/3/21

माननीय मंत्री महोदय,

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के सरिसव पाही ग्राम में अवस्थित प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान पं0 अयाची मिश्र धाम के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के संबंध में।**

मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के सरिसव पाही ग्राम में अवस्थित प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान पं0 अयाची मिश्र धाम अयाची डीह के सौन्दर्यीकरण कार्य में टीला की चहारदिवारी का निर्माण, लैंड स्केपिंग, प्रकाश एवं टीला को साफ सफाई एवं विकास, चमैनिया तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं बेंच/बैठने की व्यवस्था करने हेतु ज्ञापांक–26 दिनांक 1.2.2018 के माध्यम से मीना कुमारी सरकार के अवर सचिव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने उक्त कार्य हेतु तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन उपलब्ध कराने की माँग प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना, से किया है।

एक अन्य पत्र में जिला पदाधिकारी मधुबनी ने पत्रांक–48 दिनांक 7.12.2018 के माध्यम से निदेशक, पुरातत्व(पुरातत्व निदेशालय), कला संस्कृति एवं युवा विभाग को इसकी स्वीकृति प्रदान कर योजना को कार्यान्वयन हेतु राशि उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित किया गया है। उक्त पत्र में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल मधुबनी के पत्रांक–5 दिनांक 2.1.2019 द्वारा अयाचीडीह के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 1 करोड़ 28 लाख 36 हजार 400 रूपये एवं चमैनियॉ तालाब के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 76 लाख 59 हजार 600 रूपये का तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन उपलब्ध कराने का जिक्र भी किया गया है।

उक्त संबंध में कहना है कि दो वर्ष बीत जाने के उपरांत अभी तक अयाचीडीह का विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य राशि की अनुपलब्धता के कारण नहीं हो सका है।

अतः अनुरोध है कि वर्णित संदर्भो के आलोक में अयाची डीह के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु उक्त राशि उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 26.3.21

सेवा में,
श्री आलोक रंजन,
माननीय मंत्री,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग,
बिहार, पटना।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in